Class 6 Maths Important Questions Hindi Medium

Chapter 11 बीजगणित

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
$y + 5$ तथा $2y - 8$ में प्रयुक्त संक्रियाओं (योग, व्यवकलन, गुणन, विभाजन) को पहचानकर लिखिए।
उत्तर:
योग तथा गुणन एवं फिर प्राप्त गुणनफल में से व्यवकलन।

प्रश्न 2.
$3x + 2$ व्यंजक को किस प्रकार बनाया गया है? उत्तर-पहले x को 3 से गुणा करके प्राप्त गुणनफल में 2 जोड़ा गया है।

प्रश्न 3.
व्यंजक लिखिए-x को 7 से गुणा करके परिणाम को 25 में से घटाना।
उत्तर:
$25 - 7x$.

प्रश्न 4.
गेहूँ का प्रति किग्रा. मूल्य चावल के प्रति किग्रा. मूल्य से 5 रुपए कम है। चावल का मूल्य p रुपए प्रति किग्रा. मानते हुए व्यंजक लिखिए।
उत्तर:
गेहूँ का प्रति किग्रा मूल्य = $(p - 5)$ रुपए।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
एक वर्ग की एक भुजा को l से व्यक्त किया गया है। l का प्रयोग करते हुए इस वर्ग के परिमाप को व्यक्त कीजिए।
हल:



वर्ग में चार भुजाएँ होती हैं और प्रत्येक की लम्बाई बराबर होती है।
अतः वर्ग का परिमाप
= वर्ग की भुजाओं की लम्बाइयों का योग
$= l + l + l + l = 4 \times l = 4l$

प्रश्न 2.
प्रयास एवं भूल विधि से 2n 3 10 का हल ज्ञात कीजिए।
हल:
2n = 10 समीकरण का सही हल ज्ञात करने हेतु हम n के विभिन्न मानों की एक सारणी बनायेंगे

n का मान	2n (2 × n)	दायाँ पक्ष
1	2 × 1 = 2	10
2	2 × 2 = 4	10
3	2 × 3 = 6	10
4	2 × 4 = 8	10
5	**2 × 5 = 10**	**10**
6	2 × 6 = 12	10

स्पष्ट है कि n = 5 से समीकरण संतुष्ट होता है, अतः n = 5 इस समीकरण का हल है।

https://www.evidyarthi.in/